an>

Title: Need to accord approval to Morand-Ganjal irrigation project in Madhya Pradesh.

श्रीमती ज्योति धुर्वे (बैतूल) ः मोरंड-गंजाल संयुक्त सिंचाई परियोजना बैतूल, हरदा, टिमहरनी, हरसूद, होशंगाबाद के किसानों की जमीन को सिंचित करने का एकमात्र साधन है। यहाँ किसानों का खेती ही आजीविका का संसाधन है। नर्मदा घाटी प्राधिकरण के नियमानुसार इस जिले का जो पानी है उस पानी से सिंचाई की प्राथमिकता इसी जिले के किसान को ही मिलनी चाहिए।

मोरंड-गंजाल संयुक्त परियोजना में गंजाल नदी बैतूल, हरदा, टिमहरनी, होशंगाबाद जिले की सबसे बड़ी नदी है। अतः इस पानी का लाभ इस जिले के किसानों को उपलब्ध करना पहली प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ग्राम सिंचाई योजना का लाभ भी इसी मोरंड-गंजाल संयुक्त सिंचाई परियोजना से प्राप्त हो सकता है।

इस मोरंड-गंजाल संयुक्त सिंचाई परियोजना के माध्यम से बैतूल, हरदा, हरसूद, मेरे संसदीय क्षेत्र के किसानों को लाभ मिल सकता है। अतः मोरंड-गंजाल संयुक्त सिंचाई परियोजना को कंडीशनल अप्रूवल का अनुरोध है।